# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 03 अगस्त, 2021

## भुवनेश्वर: कोविड-19 के खिलाफ शत-प्रतिशत टीकाकरण वाला देश का पहला शहर

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर भारत का ऐसा पहला शहर बन गया है, जिसने कोविड-19 के खिलाफ शत-प्रतिशत टीकाकरण किया है। इसके अतिरिक्त लगभग एक लाख प्रवासी कामगारों को भी राजधानी शहर में कोविड वैक्सीन की पहली खुराक दी गई है। भुवनेश्वर नगर निगम ने 31 जुलाई, 2021 तक विशिष्ट समय-सीमा के भीतर टीकाकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिये विभिन्न श्रेणियों के लोगों के लिये मानक निर्धारित किये थे। टीका लगाने वालों में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 9 लाख लोग शामिल हैं। ओडिशा सरकार ने प्रतिदिन कुल 3.5 लाख लोगों का टीकाकरण करने के लिये ज़िलेवार लक्ष्य निर्धारित किये थे।

## भारत बायोटेक की रोटावायरस वैक्सीन को WHO से 'प्रीक्वालिफिकेशन मंज़ूरी'

भारत **बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (Bharat Biotech International Ltd.)** ने सोमवार को घोषणा की कि **रोटावैक 5डी (Rotavac 5D-** रोटावैक वैक्सीन का एक प्रकार) को **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** से "प्रीक्वालिफिकेशन मंज़ूरी" प्राप्त हुई है। Rotavac 5D का प्रयोग रोटावायरस इन्फेक्शन की रोकथाम के लिये किया जाता है, जो शिशुओं और छोटे बच्चों में होने वाली एक सामान्य बीमारी है। Rotavac के नए वैरिएंट, Rotavac 5D एक अनूठा रोटावायरस वैक्सीन फॉर्मूलेशन है, जिसे बिना किसी बफर के दिया जा सकता है। वैक्सीन की कम खुराक की मात्रा (0.5 ML) इसके लॉजिस्टिक, कोल्ड चेन मैनेजमेंट को आसान बनाती है और वैक्सीन लगाने के बाद इससे काफी कम मात्रा में बॉयो वेस्ट निकलता है।

## बीमा अधिनियम में संशोधन के लिये लोकसभा में विधेयक पारित

केंद्र को देश की चार सरकारी साधारण बीमा कंपनियों में से किसी एक की हिस्सेदारी निजी क्षेत्र को बेचने के लिये लोकसभा की हरी झंडी मिल गई। लोकसभा ने **साधारण बीमा व्यवसाय (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक 2021** को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके अलावा अध्यादेश से जुड़ा एक बिल भी प्रस्तुत किया गया। वित्तमंत्री ने आम बजट में सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंक और एक साधारण बीमा कंपनी में कम-से-कम 51 फीसदी हिस्सेदारी के प्रावधान को खत्म करने का बड़ा ऐलान किया था। लोकसभा से पास हुए बिल में इसके प्रावधान हैं। इस विधेयक का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के साधारण बीमा कंपनियों को भारतीय बाज़ार से संसाधन उपलब्ध कराना है। निजी भागीदारी बढ़ने से कंपनियाँ नई योजनाएँ लेकर आएंगी। वित्तमंत्री के अनुसार, पॉलिसीधारकों के हितों व सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये ये संशोधन ज़रूरी हैं।

## भारत-चीन सेना ने सिक्किम में छठी हॉटलाइन स्थापित की

सिक्किम में **वास्तविक नियंत्रण रेखा** (LAC) पर किसी तरह की झड़प से बचने और विश्वास तथा सौहार्दपूर्ण संबंधों को बढ़ाने के लिये दोनों देशों की तरफ से अहम पहल हुई है। उत्तरी सिक्किम के **कोंगरा ला** में भारतीय सेना और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के **खंबा दजोंग** में चीन की **पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA)** के बीच हॉटलाइन स्थापित की गई। एक अगस्त को PLA दिवस भी मनाया गया था। दोनों देशों के बीच यह छठी हॉटलाइन है। इसके साथ ही पूर्वी लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में दोनों सेनाओं के बीच दो-दो हॉटलाइन हो गई हैं। दोनों देशों के सशस्त्र बलों के पास कमांडर स्तर पर संचार के लिये सुस्थापित तंत्र हैं। विभिन्न सेक्टरों में स्थापित ये हॉटलाइन संवाद को मज़बूत करने और सीमाओं पर शांति तथा सौहार्द बनाए रखने में अहम योगदान करती हैं। सेना के अनुसार, हॉटलाइन के उद्घाटन अवसर पर दोनों तरफ की सेनाओं के कमांडर उपस्थित थे एवं हॉटलाइन के माध्यम से मित्रता एवं सद्भाव के संदेश का अदान-प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-03-august-2021